माह - मई, 2020

मोड्यूल संख्या - 1 [भाग - 1]

MODULE NO. 1 [PART -1]

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा]

पाठ - तलाश [भारत की खोज]

प्रश्न - अभ्यास [दीर्घोत्तरीय]

प्रश्न 1. लेखक नेहरू जी आधुनिक भारतीय सभ्यता का आधार किसे और क्यों खा है ?

उत्तर - केख्क नेहरू जी ने आधुनिक भारतीय सभ्यता का आधार भारत के उत्तर-पश्चिम में स्थित सिंधुघाटी में मोहनजोदड़ो की सभ्यता को कहा है क्योंकि वहाँ पाँच-छह हजार वर्ष या उससे भी कुछ अधिक समय तक विकसित सभ्यता थी | उस प्राचीन नगर के घरों और गलियों के अवशेष अब भी वहाँ हैं | इनके स्थायी रूपसे टिके रहने का कारण इसका ठेठ भारतीयपन है | इसी को लेखक ने भारतीय सभ्यता का आधार माना है |

प्रश्न 2. पाठ में मोहनजोदड़ो सभ्यता की कौन-कौन-सी विशेषताएँ बताई गई हैं ?

उत्तर - मोहनजोदड़ो सभ्यता की निम्नलिखित विशेषताएँ बताई गई हैं -

(क) यह सभ्यता पाँच हजार वर्ष पहले बनी थी |

(ख) एक प्राचीन और पूर्णतयः विकसित सभ्यता थी |

(ग) यह भारत की आधुनिक सभ्यता का आधार थी |

(घ) यह सभ्यता बराबर परिवर्तनशील और विकासमान रहकर निरंतर बनी रही |

(ङ) विदेशी लोगों के सम्पर्क में आने के बाद भी यह सभ्यता मजबूत बनी रही |

प्रश्न 3. इलाहाबाद या हरिद्वार के महान स्नान-पर्व कुंभ के मेले को देखकर नेहरू जी को हैरानी क्यों होती थीं ?

उत्तर - नेहरू जी को यह देखकर हैरानी इसलिए होती थी कि ये महान स्नान-पर्व कुंभ के मेले सदियों से चले आ रहे हैं | न जाने कितनी पीढ़ियों का गंगा नदी के साथ निरंतर लगाव बना हुआ है | हजारों वर्ष से उनके पुरखे (लोग) गंगा स्नान के लिए भारत के कोनों से आते हैं | मुझे इसी बात की हैरानी होती थी कि आज भी

हमारे लोगों को अनगिनत पीढ़ियों से भारत की इस प्रसिद्धनदी की ओर खींचती रही है |

प्रश्न 4. 'भारत के अतीत की झाँकी' का अवलोकन से नेहरू जी किस निष्कर्ष पर पहुँचे ?

उत्तर - 'भारत के अतीत की झाँकी' का अवलोकन से नेहरू जी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति ने कितने उतार - चढ़ावों को और विजय-पराजयों को झेला है लेकिन उसका महत्त्व आज भी बना हुआ है | वर्तमान भारत की नींव का आधार ही प्राचीन सभ्यता और संस्कृति है |

प्रश्न 5. आपके अनुसार भारत यूरोप की तुलना में तकनीकी विकास की दौड़ में क्यों पिछड़ गया ?

उत्तर - मेरे अनुसार भारत यूरोप की तुलना में तकनीकी विकास की दौड़ में निम्नलिखित कारणों से पिछड़ गया -

(क) भारतीयों में मानसिक सजगता और तकनीकी कौशल की कमी हो रही थी |

(ख) भारतीयों ने आविष्कार करने की अपेक्षा अनुकरण(नकल) करने पर जोर देना आरंभ कर दिया था |

(ग) लोगों में आगे बढ़ने की लालसा और परिश्रम की चाह कम हो गई थी |

(घ) कार्य करने की बजाय साहित्य को बढ़ावा मिलने लगा |

(ङ) संकीर्ण रूढ़िवादी मानसिक धारणाएँ बढ़ती जा रही थी |

माह- मई, 2020

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा]

पाठ - तलाश [भारत की खोज]

अभ्यास - कार्य [WORK SHEET]

लघु - उत्तरीय प्रश्न

नोट- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

प्रश्न 1. 'भारत की खोज' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए |

उत्तर - --

प्रश्न 2. गंगा नदी कहाँ से निकलती है ?

उत्तर - --

प्रश्न 3. हमारे देश का नाम 'इंडिया' और 'हिंदुस्तान' किसके आधार पर पड़ा ?

उत्तर - --

प्रश्न 4. मोहनजोदड़ो की सभ्यता कितनी पुरानी है ?

उत्तर - --

प्रश्न 5. सैन्यबल बढ़ाकर यूरोप ने क्या किया ?

उत्तर - --

प्रश्न 6. यूरोप की तकनीकी विकास के पीछे किसकी चेतना थी ?

उत्तर - --

प्रश्न 7. भारत की कौन-सी गुफाएँ प्रसिद्ध हैं ?

उत्तर - --

प्रश्न 8. हिमालय के हृदय से निकलने वाली नदियों के नाम लिखिए |

उत्तर - ---

प्रश्न 9. नेहरू जी के मन में भारत की समझ किन से पैदा हुई ?

उत्तर - ---

प्रश्न 10. भारत में उस समय कौन-कौन से वर्ग थे ? उनके नाम लिखिए |

उत्तर - ---